झारखण्ड सरकार
**जल संसाधन विभाग**

पत्रांक :– 10 / महा० (विविध)–07–13 / 2015– / राँची, दिनांक :– ..................

**प्रेषक,**

**सुखदेव सिंह,**
सरकार के प्रधान सचिव।

**सेवा में,**

**महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी),**
झारखण्ड, राँची।

**विषय :–** **नदीघाटी परियोजना से संबंधित प्रमंडलों के मासिक लेखा का समर्पण के संबंध में।**

**प्रसंग :–** **आपके कार्यालय का पत्रांक –डब्लू॰ एम॰– 11 / आर॰ भी॰ पी॰ / 05 / 1175 दिनांक– 22.03.2016 एवं अर्द्धसरकारी पत्रांक–डब्लू॰ एम॰–11 / 2016–17 / 05–02 दिनांक–18.04.2016**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संदर्भ में कहना है कि विभागीय संकल्प–सह–पठित ज्ञापांक–2987 दिनांक–18.06.2015 द्वारा जल संसाधन विभाग, झारखण्ड, राँची के अन्तर्गत कार्यरत लेखा कार्यालयों का पुनर्गठन किया गया। जिसमें वित्त पदाधिकारी का कार्यालय सुवर्णरेखा परियोजना ईकाई, आदित्यपुर, जमशेदपुर का दायित्व निर्धारित कर यथावत रखते हुए शेष लेखा कार्यालयों में कार्यरत कर्मियों को विभाग अन्तर्गत विभिन्न मुख्य अभियंताओं के अधीन समायोजन करने का निर्णय लिया गया।

उल्लेखनीय है कि जल संसाधन विभाग के प्रमंडलीय कार्यालयों (गैर नदी घाटी परियोजना) द्वारा लेखा प्रेषण सीधे आपको किया जाता रहा है, जबकि नदीघाटी परियोजना से संबंधित प्रमंडलो का लेखा प्रेषण लेखा पदाधिकारी / वित्त पदाधिकारी के कार्यालय के माध्यम से किया जाता है। सभी कार्य प्रमंडलो में प्रमंडलीय लेखापाल / लेखा पदाधिकारी पदस्थापित रहते है जिनके हस्ताक्षर से लेखा आपको प्रेषित किया जाता है।

लेखा कार्यालयों के पुनर्गठन के फलस्वरूप नदीघाटी परियोजना से संबंधित प्रमंडलो के मासिक लेखा के समर्पण के संबंध में आपके कार्यालय में दिनांक–22.01.2016 को विचार विमर्श किया गया था।

सम्यक विचारोपरांत वित्तीय वर्ष 2016–17 से नदीघाटी परियोजना से संबंधित सभी 47 प्रमंडलो के मासिक लेखा के समर्पण हेतु निम्न निर्णय लिये गये है :–

1) सुवर्णरेखा परियोजना एक वृहत परियोजना है, अतः सुवर्णरेखा परियोजना के कुल 34 प्रमंडलो का समेकित मासिक लेखाओं को संकलित कर वित्त पदाधिकारी का कार्यालय, सुवर्णरेखा परियोजना ईकाई, आदित्यपुर, जमशेदपुर के माध्यम से महालेखाकार को समर्पित किया जाएगा।
2) सुवर्णरेखा परियोजना के अलावा नदीघाटी परियोजना के शेष 13 प्रमंडलो का मासिक लेखा अन्य कार्य प्रमंडलो की भाँति प्रमंडलीय लेखापाल / लेखा पदाधिकारी के माध्यम से सीधे महालेखाकार को समर्पित किया जाएगा।

विश्वासभाजन,
ह॰ / –
**(सुखदेव सिंह)**
सरकार के प्रधान सचिव

रॉंची, दिनांक :– 20.05-16

ज्ञापांक :– 2769

प्रतिलिपि :– प्रशासक, सुवर्णरेखा परियोजना ईकाई, आदित्यपुर, जमशेदपुर / सभी मुख्य अभियंता (लघु सिंचाई सहित), जल संसाधन विभाग, झारखण्ड / वेब प्रबंधक, जल संसाधन विभाग, झारखण्ड, रॉंची को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(सुखदेव सिंह)
सरकार के प्रधान सचिव